## खबर संक्षेप

### सीएम हेल्पलाइन भी बन गई 'दिखावे का मंच'



**शहडोल।** भ्रष्टाचार और लापरवाही की मिसाल पेश करती एक और घटना सामने आई है। जनपद पंचायत गोहपारू की ग्राम पंचायत भदवाही में 15वें वित्त आयोग के तहत किए गए कार्य का पूरा भुगतान निकाल लिया गया, जबकि कार्य अधूरा पड़ा हुआ है। ग्रामीणों ने जब इस घोटाले की शिकायत सीएम हेल्पलाइन में की, तो अब तक कार्रवाई के बजाय सिर्फ औपचारिकता निभाई जा रही है।शिकायत क्रमांक 35217528 और 35217300, 05 नवम्बर 2025, को क्रमशः जीतेन्द्र चौबे और रामनाथ चौबे ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के खिलाफ सीएम हेल्पलाइन में दर्ज कराई थी। दोनों शिकायतों में साफ तौर पर कहा गया है कि पंचायत ने दो माह पहले पूरा हुआ कार्य दिखाकर राशि का भुगतान निकाल लिया, जबकि मौके पर काम अधूरा है। शिकायत में यह भी बताया गया कि 3688071028 खाते से भुगतान जारी किया गया, पर कार्य की गुणवत्ता और पूर्णता की कोई जांच नहीं की गई।ग्रामवासियों का कहना है कि यह कोई पहली बार नहीं है जब पंचायत स्तर पर इस तरह की गड़बड़ियां हुई हों। अधिकारियों की मिलीभगत से पंचायतें बिकार्य पूरे किए ही फर्जी भुगतान निकाल रही हैं और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने के बावजूद केवल संपर्क कर लिया गया लिखकर शिकायतों को निपटा दिया जाता है। ग्रामीणों ने तीखी नाराजगी जताते हुए कहा कि सीएम हेल्पलाइन अब जनता की आवाज़ नहीं, बल्कि दिखावे का मंच बन चुकी है। शिकायतें दर्ज तो हो जाती हैं, लेकिन न जांच होती है, न कार्रवाई। जनता का पैसा लूटने वालों पर कोई डर नहीं है।

### असमय वर्षा और बीमा घोटाले से पस्त किसान

**शहडोल।** लगातार असमय वर्षा और ओलावृष्टि से जहां किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है, वहीं अब सरकारी लापरवाही और बीमा कंपनियों की मनमानी ने किसानों की कमर तोड़ दी है। गुरुवार को भारतीय किसान संघ, महाकोशल प्रांत के पदाधिकारियों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर स्थिति पर तत्काल सुधार और किसानों को राहत दिलाने की मांग की।
ज्ञापन में कहा गया कि बीते दिनों हुई असमय वर्षा से जिलेभर में धान और अन्य फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। खेतों में पानी भर जाने से फसलें गल-सड़ गईं, दाने काले पड़ गए और फसल पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। किसानों की मेहनत, लागत और कर्ज पर आधारित खेती इस बार पूरी तरह तबाह हो गई है, जिससे वे अगली फसल की तैयारी तक नहीं कर पा रहे हैं।

## कानून की धज्जियां उड़ाकर चल रहा पूरा खेल

# शहडोल में जोरों पर अवैध मिट्टी खनन का धंधा

### खनिज विभाग की चुप्पी ने बढ़ाई साजिश की बू

**शहडोल। जिला मुख्यालय से सटे पंचगांव रोड पर तेजी से विकसित हो रही एक कॉलोनी में इस समय मिट्टी फिलिंग का काम चल रहा है, लेकिन सवाल यह उठता है कि इतनी बड़ी मात्रा में मिट्टी आखिर आ कहां से रही है? फिलिंग के लिए लगातार चल रहे डग्गियों की आवाजाही से स्पष्ट है कि कहीं न कहीं अवैध खनन का खेल खुलेआम खेला जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पचगांव क्षेत्र में रात के अंधेरे में जमकर मिट्टी की चोरी यानी अवैध उत्खनन किया जा रहा है, जिसकी जानकारी खनिज विभाग और प्रशासन को कई बार दी जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जाती है।**



### मौन साझेदारी निभा रहा विभाग

खनिज विभाग के अधिकारी रात्रि गश्त के बाद थकान का बहाना बनाकर शिकायतों को ठंडे बस्ते में डाल देते हैं। विभाग का रवैया इतना लचर हो चुका है कि शिकायतों के बावजूद न तो मौके का निरीक्षण किया जाता है, न ही उत्खनन करने वालों पर कोई दंडात्मक कार्रवाई। यह वही विभाग है जो दावा करता है कि अवैध उत्खनन और परिवहन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी, मगर हकीकत यह है कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी या तो जानबूझकर आंखें मूंद लेते हैं या फिर इस अवैध कारोबार में कहीं न कहीं मौन साझेदारी निभा रहे हैं।

### कागजों तक सीमित कानून

मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 1996 के तहत अवैध उत्खनन एक गंभीर अपराध है। नियम 53(1) के अनुसार बिना लाइसेंस या अनुमति के मिट्टी, रेत, मुरम, बोल्डर या अन्य गौण खनिजों का खनन करने वाले व्यक्ति पर जुर्माना व 6 माह से 2 वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। वहीं नियम 53(2) यह स्पष्ट कहता है कि खनिज उत्खनन में प्रयुक्त वाहन, उपकरण और मशीनें तत्काल जब्त की जा सकती हैं, लेकिन शहडोल में यह कानून कागजों में सीमित होकर रह गया है।

### डग्गियों को लूट की खुली छूट

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में किसी भी तरह की खदान स्वीकृत नहीं है, न ही अस्थायी रूप से किसी को मिट्टी उत्खनन की अनुमति दी गई है। फिर भी ट्रैक्टर और मेटाडोर रात-दिन दौड़ते हैं, जिन पर कृषि प्रयोजन हेतु पंजीयन है, लेकिन इनका इस्तेमाल निर्माण कार्यों में हो रहा है। यानी कृषि के नाम पर मिट्टी चोरी का खेल चल रहा है, ग्रामीणों का आरोप है कि इसमें स्थानीय पुलिस और विभागीय अफसरों की मिलीभगत भी शामिल है। बताया जा रहा है कि कुछ प्रभावशाली लोगों द्वारा रुपए का लेनदेन कर इन डग्गियों को खुली छूट दी गई है।

### बड़ी घटना का इंतजार

सवाल यह भी है कि आखिर प्रशासन किस बात का इंतजार कर रहा है? क्या तब कार्रवाई होगी जब किसी ट्रॉली के नीचे कोई मजदूर दबकर मारा जाएगा या कोई बड़ा हादसा घटेगा? खुलेआम चल रहे इस मिट्टी माफिया के खेल से सरकार को लाखों रुपए का राजस्व नुकसान हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने बैठे हैं। यह भी देखा गया है कि अवैध उत्खनन वाले स्थलों पर अब गहरे गड्ढे बन चुके हैं, जो आस-पास के खेतों, पेड़ों और ग्रामीण रास्तों के लिए खतरा बन गए हैं। भारी वाहनों की निरंतर आवाजाही से सडक़ों की हालत भी जर्जर हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस मामले की शिकायत खनिज अधिकारी से की है, लेकिन वह फोन पर मामले को टाल देते हैं।


### बगैर लायसेंस अपराध

मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम 1996 की धारा 53(1) बिना लाइसेंस खनन करना अपराध है। धारा 53(2) अवैध उत्खनन में प्रयुक्त वाहन व उपकरण जब्त किए जा सकते हैं। भारतीय दंड संहिता की धारा 379 चोरी का अपराध सिद्ध होने पर 3 वर्ष तक की सजा या जुर्माना या दोनों। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 15 पर्यावरण को क्षति पहुंचाने वाले अवैध खनन पर 5 वर्ष तक की सजा और आर्थिक दंड का प्रावधान। इन सबके बावजूद खनिज विभाग और स्थानीय प्रशासन की साइलेंट मंजूरी ने इस पूरे अवैध खेल को वैधता का मुखौटा पहना दिया है। शहडोल के पंचगांव क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन का यह खेल न केवल कानून की अवहेलना है, बल्कि यह प्रशासनिक सुस्ती और मिलीभगत का जीवंत उदाहरण बन चुका है।

# जय बालाजी सिक्योरिटी में श्रमिकों का शोषण!

### गार्ड से वसूली, पीएफ की राशि गायब, शहडोल में कृष्णकांत-अब्दुल की मनमानी

**शहडोल। सुरक्षा देने वाली जय बालाजी सिक्योरिटी कंपनी खुद अपने कर्मचारियों की आर्थिक सुरक्षा छीन रही है। इंदौर और जबलपुर सहित कई जिलों में सिक्योरिटी गार्ड तैनात करने वाली यह कंपनी शहडोल में भारतीय जीवन बीमा निगम की शाखाओं में सुरक्षा सेवाएं दे रही है। परंतु यहां गार्डों और गनमैन से खुलेआम शोषण किया जा रहा है, जिसकी भनक भी जिम्मेदार विभागों को नहीं है।**




जानकारी के अनुसार, शहडोल में कंपनी का प्रबंधन कृष्णकांत यादव और अब्दुल खान संभालते हैं। वर्ष 2023 से कंपनी को पूरे संभाग की एलआईसी शाखाओं की सुरक्षा का ठेका मिला है। फिलहाल करीब 14 गनमैन और 70 के करीब डंडामैन विभिन्न शाखाओं में कार्यरत हैं। इन कर्मचारियों को कंपनी 20 दिन के काम के बदले गनमैन को 16,200 रुपये और डंडामैन को 14,000 रुपये का भुगतान करती है। लेकिन इस भुगतान का एक बड़ा हिस्सा स्थानीय प्रबंधकों की जेब में जा रहा है, बताया गया है कि 3,500 रुपये तक की राशि हर कर्मचारी से नकद वापस वसूली जाती है। सबसे गंभीर बात यह है कि कंपनी ने पिछले 10 महीनों से कर्मचारियों का भविष्य निधि (पीएफ) उनके खातों में नहीं जमा किया है। इससे पहले भी 4 महीने की पीएफ राशि रोकी जा चुकी है, जिससे कुल बकाया रकम लाखों में पहुंच चुकी है। पीएफ जमा न होने से न केवल कर्मचारियों के भविष्य को खतरा है, बल्कि शासन से मिलने वाले अन्य लाभ भी प्रभावित हो रहे हैं। पीड़ित गार्ड्स का कहना है कि वे नौकरी जाने के डर से शिकायत नहीं कर पा रहे। कंपनी में ऐसा माहौल बना दिया गया है कि जो आवाज उठाता है, उसे या तो नौकरी से निकाल दिया जाता है या अनावश्यक अवकाश पर भेजकर परेशान किया जाता है। यह पूरा मामला श्रम कानूनों और सामाजिक सुरक्षा अधिनियमों का खुला उल्लंघन है। सवाल उठता है कि जब जय बालाजी सिक्योरिटी जैसी कंपनी सरकारी संस्थानों में सुरक्षा दे रही है, तो ऐसे गैरकानूनी कृत्यों पर एलआईसी प्रशासन और श्रम विभाग की आंखें क्यों बंद हैं? अब देखना यह होगा कि शासन और प्रशासन इस खुले शोषण के खिलाफ कब कार्रवाई करता है या फिर यह मामला भी बाकी घोटालों की तरह फाइलों में ही दबा रहेगा।

# बिना नंबर की बाइक से शराब की तस्करी करते 2 आरोपी धराये

**शहडोल।** जिले के पपौंध थाना पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन और बिक्री पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से बड़ी मात्रा में देशी व विदेशी शराब के साथ एक बिना नंबरी मोटरसाइकिल भी जप्त की है। कार्रवाई आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, 5 नवम्बर 2025 को थाना पपौंध पुलिस टीम कस्बा भ्रमण पर थी, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति बिना नंबरी मोटरसाइकिल में अवैध शराब की पेटियां लेकर ग्राम पपौंध से विजयसोता की ओर बिक्री के लिए जा रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी बृजेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शिव मोहल्ला तिराहा पर नाकाबंदी की। कुछ देर बाद एक बिना नंबरी हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल आती दिखाई दी, जिसे रोककर तलाशी ली गई।पूछताछ में



मोटरसाइकिल चालक ने अपना नाम रोशन कुमार पिता चंद्रेश शर्मा उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम भोरी, हाल निवासी ग्राम पपौंध बताया, जबकि पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम मंगल कुमार सिंह पिता अमरेन्द्र सिंह उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम रका, हाल निवासी ग्राम पपौंध बताया। तलाशी के दौरान दोनों के कब्जे से पीली बोरी में रखी देशी प्लेन मदिरा की 100 शीशियां कुल 18 लीटर, रॉयल चैलेंज 6000 बियर के 48 कैन और बीयर की 12 शीशियां बरामद की गईं। जब्त शराब की कुल अनुमानित कीमत 14,796 बताई जा रही है। साथ ही करीब 30,000 कीमत की बिना नंबरी बाइक भी जप्त की गई। आरोपी शराब परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने दोनों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक केदार सिंह, आरक्षक पुष्पेन्द्र सिंह, अजय उपाध्याय एवं विजय महरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# ब्यौहारी की बेटी अंशिता गुप्ता ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

### सीआरपीएफ में उप निरीक्षक पद पर हुआ चयन

**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी नगर के करकी बाले प्रसिद्ध व्यवसायी अनिल गुप्ता की पुत्री एवं सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती रेखा गुप्ता की सुपुत्री अंशिता गुप्ता ने



अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के दम पर एसएससी द्वारा आयोजित अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षा में शानदार सफलता अर्जित की है। अंशिता का चयन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) में उप निरीक्षक पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से ब्यौहारी नगर, परिवार और पूरे क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई है। अंशिता ने अपने कठिन परिश्रम और निरंतर प्रयासों से यह सिद्ध कर दिया कि यदि लक्ष्य के प्रति समर्पण और दृढ़ इच्छाशक्ति हो, तो कोई भी सपना अधूरा नहीं रहता।नगर के जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है। ब्यौहारी विधानसभा के विधायक शरद कोल, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शरद गुप्ता, स्थानीय व्यापारी, समाजसेवी तथा प्रबुद्ध जनों ने अंशिता के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई दी है। अंशिता की इस सफलता से न केवल उनका परिवार, बल्कि संपूर्ण नगर गौरवान्वित हुआ है। उनकी कहानी आज क्षेत्र की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा बन गई है कि निरंतर परिश्रम और आत्मविश्वास से हर ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है। स्थानीय जनों ने कहा कि अंशिता जैसी प्रतिभाशाली बेटियां न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे समाज का गौरव बढ़ा रही हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन रही हैं।

# वंदे मातरम के 150वें वर्षगांठ पर शहडोल में होगा भव्य आयोजन

### राज्यमंत्री दिलीप जायसवाल होंगे मुख्य अतिथि



**शहडोल। भारत सरकार के निर्णय अनुसार राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' की 150वीं वर्षगांठ देशभर में 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक मनाई जाएगी। इसी क्रम में जिला मुख्यालय शहडोल में 7 नवम्बर को प्रातः 9:30 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।**
कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं सामूहिक राष्ट्र गीत वंदे मातरम के गायन से होगा। इस अवसर पर बैंड दल द्वारा राष्ट्र गीत की प्रस्तुति दी जाएगी। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे संयुक्त कलेक्ट्रेट के विराट सभागार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा और सुना जाएगा। मुख्य अतिथि द्वारा बाद में पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय के पुराने कैंपस स्थित शहीद स्मारक में शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी जाएगी। भारत सरकार के निर्णयानुसार राष्ट्र गीत की वर्षगांठ वर्षभर चार चरणों में मनाई जाएगी, प्रथम चरण 7 से 14 नवम्बर 2025, द्वितीय 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस सप्ताह), तृतीय 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चतुर्थ चरण 1 से 7 नवम्बर 2026 (समापन सप्ताह) तक चलेगा।राज्य स्तरीय मुख्य समारोह भोपाल स्थित शौर्य स्मारक में संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 8 नवम्बर को पंचायत स्तर पर और 10 नवम्बर को नगरीय निकायों में वंदे मातरम के सामूहिक गायन कार्यक्रम जनभागीदारी के साथ संपन्न होंगे। यह आयोजन राष्ट्र गीत वंदे मातरम की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता में उसकी अमर भूमिका को नमन करने का प्रतीक होगा।

# सट्टा पर्ची को लेकर विवाद में अधेड़ पर जानलेवा हमला

**शहडोल।** जिले में अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। मामूली बातों पर भी अब लोग जानलेवा हमले करने से नहीं चूक रहे। ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला धनपुरी थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहां सट्टा पर्ची को लेकर हुए विवाद में एक अधेड़ व्यक्ति पर लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया।
मिली जानकारी के अनुसार, धनपुरी के पुराने थाने के पास कच्छी मोहल्ला निवासी गंगा सिंह एक किराना दुकान पर सामान लेने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने मजाकिया लहजे में दुकान संचालक संतोष गुप्ता से पूछ लिया कि क्या वह सट्टा पर्ची काटते हैं। इस पर दुकान संचालक संतोष गुप्ता और उसका भतीजा आदित्य गुप्ता भडक़ उठे। दोनों ने गाली-गलौज करते हुए विवाद शुरू कर दिया और बात इतनी बढ़ गई कि दोनों ने मिलकर गंगा सिंह पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में गंगा सिंह का सिर फट गया और शरीर के कई हिस्सों में चोटें आईं। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्होंने धनपुरी थाने पहुंचकर पूरी घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपियों संतोष गुप्ता और आदित्य गुप्ता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296(ए), 115(2), 351(3), 324(4) एवं 3(5) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि क्षेत्र में सट्टा, जुएं और अन्य अवैध गतिविधियां खुलेआम चल रही हैं, जिससे आए दिन विवाद और झगड़े की घटनाएं हो रही हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इन अवैध कारोबारों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में कानून व्यवस्था और शांति कायम रह सके।

### इनका कहना है...

मारपीट का एक मामल सामने आया है जिस पर पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल की जा रही है।

**खेम सिंह पेंद्रो**
**थाना प्रभारी, धनपुरी**

# युवक ने की मां की हत्या, बंद कमरें में तीन दिन तक शव के साथ था आरोपी



**शहडोल।** जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र से एक रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया है। ग्राम बरकछ में एक युवक ने अपनी ही मां की हत्या कर दी और उसके बाद तीन दिनों तक शव के साथ उसी कमरे में बंद रहा। मामला तब उजागर हुआ जब घर का दरवाजा लगातार बंद रहने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी।पुलिस के अनुसार, मृतका सविता बाई कोल उम्र 40 वर्ष अपने पुत्र राजकुमार कोल के साथ रहती थी। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक मानसिक रूप से अस्थिर है। बीते 4 नवंबर को किसी मामूली विवाद के बाद राजकुमार ने गुस्से में आकर किसी भारी वस्तु से मां के सिर पर वार कर दिया। वार इतना जोरदार था कि सविता बाई की मौके पर ही मौत हो गई।हत्या के बाद राजकुमार ने घर को अंदर से बंद कर लिया और करीब 72 घंटे तक शव के साथ उसी कमरे में रहा। इस दौरान वह घर में मौजूद खाने-पीने का सामान खाकर जीता रहा। जब तीन दिन बीत गए और न मां दिखाई दी, न बेटा बाहर निकला, तो आस-पास के लोगों को शक हुआ। सूचना पर ब्यौहारी थाना प्रभारी प्रशिक्षु डीएसपी ऋषभ चारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद दरवाजा खुलवाया गया तो अंदर का नजारा देखकर पुलिसकर्मी भी सन्न रह गए। कमरे में सविता बाई का शव पड़ा था और आरोपी पुत्र उसी कमरे में मौजूद था। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि एफएसएल टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। मृतका का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। इस हृदयविदारक घटना ने पूरे क्षेत्र में दहशत और शोक की लहर दौड़ा दी है। स्थानीय लोग इस अमानवीय वारदात को अब तक अविश्वसनीय मान रहे हैं।

# ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर आयोजित हुआ महारक्तदान शिविर



### नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी सरावगी ने कहा रक्तदान सबसे बड़ा महादान

**बुढार।** खून का कोई धर्म नहीं, बीमार पीड़ित की सेवा ही सच्चा धर्म है, इसी प्रेरक संदेश के साथ बुढार नगर के वार्ड क्रमांक 11 और 12 में आज महा रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह शिविर ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर संयुक्त मुस्लिम समाज, जिला शहडोल द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अब्दुल्ला जी और वार्ड पार्षद शाहिद चीनी के नेतृत्व में हुआ।इस पुनीत कार्य का लक्ष्य 786 यूनिट रक्त संग्रह रखा गया था। आयोजन स्थल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बुढार पर सुबह से ही समाजसेवियों, युवाओं और नागरिकों की उल्लेखनीय भीड़ जुटी, जिन्होंने मानवता की सेवा के इस अभियान में बढ़-चढक़र भाग लिया।विशेष अतिथि के रूप में नगर परिषद बुढार की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी सरावगी ने उपस्थित होकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा महादान है, क्योंकि इससे किसी जरूरतमंद को जीवनदान मिलता है। मानवता की यही सेवा सच्चे धर्म का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों ने भी आयोजकों के इस सामाजिक कार्य की सराहना की और इसे प्रेरणादायक पहल बताया। समापन अवसर पर सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में ऐसे और भी मानवीय आयोजनों की अपील की गई।

**आमसूचना**

मैं जय प्रकाश छत्तवानी (Jay Prakash Chhatwani) पिता मोहनलाल छत्तवानी उम्र 45 वर्ष वार्ड नं 5 ,सिंधी कॉलोनी उमरिया ,थाना उमरिया , तहसील बांधवगढ़ जिला उमरिया का निवासी हूं और आम जन को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित करता हूं कि मेरे आधार कार्ड नंबर 221085851442 और पेन कार्ड नम्बर **AUPPC7267E** में मेरे पिता का नाम मोहन लाल छत्तवानी **(MOHAN LAL CHHATWANI )** दर्ज और अंकित है जबकि मेरे पासपोर्ट नम्बर **K6114551** मे मोहन लाल **(MOHAN LAL )** दर्ज और अंकित है । मैं यह सभी को सूचित करता हूं कि आधार कार्ड, पेन कार्ड और पासपोर्ट में अंकित और दर्ज नाम मोहन लाल छत्तवानी और मोहन लाल एक ही व्यक्ति है इसमें कुछ भी बनावटी और छुपाया नहीं गया है ।अतः आम जन सूचित हो । मैं इस आम सूचना का जहां भी कानूनी प्रक्रिया में उपयोग करने में ज़रूरत महसूस करूंगा उपयोग करूंगा ।

**भवदीय**
**जय प्रकाश छत्तवानी**
**पिता मोहन लाल छत्तवानी निवासी वार्ड नं 5 सिंधी कॉलोनी उमरिया, थाना उमरिया, तहसील बांधवगढ़ जिला-उमरिया (म.प्र.)**

## खबर संक्षेप

### 9 नवंबर को मनाया जायेगा गुरु नानक जयंती का प्रकाश पर्व



हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा। गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा जमुना कॉलरी में गुरु नानक देव जी की जयंती के उपलक्ष्य में 9 नवंबर, रविवार को प्रकाश पर्व श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत 7 नवंबर, शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से अखंड पाठ साहिब का आरंभ किया जाएगा, जिसकी समाप्ति 9 नवंबर को की जाएगी। समाप्ति उपरांत अमृतसर से पधारे प्रसिद्ध कीर्तनकार हरमनजीत सिंह और उनका रागी जत्था कीर्तन दरबार सजाएंगे। इस दौरान गुरु घर में गुरबाणी का मधुर और आध्यात्मिक रस वातावरण में गूंजेगा। कार्यक्रम के पश्चात लंगर सेवा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी संगत के लिए प्रसाद और भोजन की व्यवस्था रहेगी। गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व सिख सम्प्रदाय का प्रमुख धार्मिक पर्व है। गुरु नानक देव जी ने मानव सेवा, भाईचारे, समानता, सादगी और सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उनके उपदेश आज भी समाज को मानवता, प्रेम और शांति का मार्ग दिखाते हैं। गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी ने क्षेत्र की समस्त संगत और नगरवासियों से निवेदन किया है कि वे अपने परिवार सहित गुरु घर में उपस्थित होकर कीर्तन, अरदास और लंगर सेवा का लाभ प्राप्त करें।

### सीएमएचओ ने किया नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



उमरिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा व्ही एस चंदेल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जलधरा तहसील बिलासपुर विकासखंड करकेली का निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान नवीन भवन में स्वास्थ्य सुविधाओं के आधार पर आवश्यक कमरे , बिजली, पानी की उपलब्धता के बारे मे पूछताछ की। निरीक्षण उपरांत बिलासपुर मार्केट एरिया में मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए।निरीक्षण के समय अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

उमरिया। भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगाँठ को देश भर में 7 नवम्बर 2025 से 7 नवम्बर 2026 तक समारोहपूर्वक आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय निश्चित ही भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में इस गीत की भूमिका और इसकी स्थाई सांस्कृतिक विरासत के महत्व को प्रदर्शित करता है। वंदे मातरम् के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के दृष्टिगत वर्षभर विविध गतिविधियाँ चार चरणों प्रथम-7 से 14 नवम्बर 2025 (शुभारंभ), द्वितीय 19 से 26 जनवरी 2026 (गणतंत्र दिवस), तृतीय 7 से 15 अगस्त 2026 (हर घर तिरंगा अभियान के साथ) तथा चतुर्थ - 1 से 7 नवम्बर 2026 (समापन सप्ताह), में व्यापक रूप से आयोजित की जानी है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि इन आयोजनों में सभी स्तरों पर आम नागरिकों की सहभागिता के साथ-साथ विद्यालयीन , महाविद्यालयीन छात्र छात्राएं, जनप्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी, कर्मचारी , पुलिस कर्मियो , डाक्टर्स, शिक्षको, व्यवसायीगण एवं अन्य सभी प्रकार के सामाजिक संगठनो की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी । राज्य स्तरीय समारोह 7 नवम्बर को संस्कृति विभाग द्वारा शौर्य स्मारक भोपाल में प्रातः 09.30 बजे आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर ने समस्त विभाग प्रमुखों से कहा है कि 7 नवम्बर को प्रातः 09.30 बजे जिला मुख्यालय, तहसील/विकासखण्ड मुख्यालय में वंदे मातरम का संपूर्ण गायन सुनिश्चित किया जाये। तद्योपरांत प्रातः 10.00 बजे से नई दिल्ली से मान0 प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के अवलोकन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सभी शासकीय अशासकीय, अद्र्ध-शासकीय विद्यालय, महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों में भी 7 नवम्बर 2025 को उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाए । राष्ट्रगीत वंदे मातरम गायन को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिए पुलिस बैण्ड, स्कूल, महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों के बैंड एवं स्थानीय बैंड इत्यादि की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी । 8 नवम्बर 2025 प्रातः 10 बजे पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिला पंचायत, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायतों में वंदे मातरम् गीत का गायन जनसहभागिता से पंचायत प्रतिनिधियों सहित सुनिश्चित कराया जावेगा । 10 नवम्बर 2025 प्रात 10 बजे नगरीय विकास एवं आवास विभाग के द्वारा सभी नगरीय निकायों में वंदे मातरम् गीत का गायन सुनिश्चित कराया जावेगा।

## दो साल बाद जारी हुआ नोटिस, भ्रष्टाचार पर प्रशासन की सुस्ती बेनकाब

# जिला पंचायत शहडोल में 'जीरो टॉलरेंस' का ढोंग

जिले में भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति अब एक खोखला नारा बन चुकी है। सरकारी बैठकों और प्रेस विज्ञप्तियों में बड़े-बड़े दावे करने वाला जिला प्रशासन, जब वास्तविक कार्रवाई की बारी आती है, तो फाइलों के ढेर में न्याय को दफन कर देता है।

शहडोल।

इसका ताजा उदाहरण है ग्राम पंचायत खैरहा (जनपद पंचायत सोहागपुर) में वर्ष 2015-16 के दौरान हुए आंगनबाड़ी भवन निर्माण घोटाले का मामला, जिसकी जांच जनवरी 2023 में पूरी हो गई थी। लेकिन, दोषियों पर कार्रवाई के लिए जिला पंचायत ने पूरे दो साल दस महीने बाद 31 अक्टूबर 2025 को मात्र कारण बताओ नोटिस जारी कर अपनी औपचारिकता निभाई है।




### दो साल तक ठंडे बस्ते में रही जांच रिपोर्ट

जानकारी के अनुसार वर्ष 2015-16 में ग्राम पंचायत खैरहा में चार आंगनबाड़ी भवनों का निर्माण स्वीकृत हुआ था। इनमें से एक भवन (केंद्र क्रमांक-02) का निर्माण कार्य कभी हुआ ही नहीं, फिर भी 6 लाख रुपये की राशि कार्यकारी एजेंसी द्वारा फर्जी बिलों के माध्यम से निकाल ली गई। यह बात जांच अधिकारी सहायक यंत्री, जनपद पंचायत सोहागपुर की रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से दर्ज है। यही नहीं, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने भी अपने पत्र दिनांक 10 जनवरी 2023 में इस फर्जी निकासी की पुष्टि कर दी थी।

### जांच में नहीं पहुंचे सरपंच सचिव और जीआरएस

19 फरवरी 2023 को जब जांच अधिकारी ने पंचायत खैरहा में स्थल निरीक्षण किया, तो तत्कालीन सरपंच गणेश प्रसाद कोल, तत्कालीन सचिव शब्बीर अहमद और ग्राम रोजगार सहायक आशीष सोनी को उपस्थित होने की सूचना दी गई थी, लेकिन तीनों ने जांच टीम को नजर अंदाज कर दिया। कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया, जिसके बाद सहायक यंत्री ने स्थल निरीक्षण के आधार पर ही अनियमितता की पुष्टि कर दी।

### जीरो टॉलरेंस की असली रफ्तार

जांच प्रतिवेदन जनवरी 2023 में जिला पंचायत को प्राप्त हुआ था, लेकिन फाइल दो साल से अधिक समय तक अधिकारियों की मेजों के बीच धूल खाती रही। जीरो टॉलरेंस का दम भरने वाले अफसर न तो विभागीय जांच शुरू कर सके, न ही दोषियों से फर्जी निकासी की राशि वसूलने की पहल की। अब जब कारण बताओ नोटिस 31 अक्टूबर 2025 को जारी किया गया है, तब जाकर यह मामला फिर से चर्चा में आया है। नोटिस के अनुसार आरोपियों को 11 नवम्बर को जवाब प्रस्तुत करने के लिए बुलाया गया है।

### भ्रष्टाचार पर प्रशासन की मौन स्वीकृति

जिले में ग्राम पंचायत स्तर पर करोड़ों रुपये के विकास कार्यों में हर साल अनियमितताएं सामने आती हैं, लेकिन प्रशासनिक ढांचा जैसे इन मामलों को दबाने में ही निपुण हो गया है। फाइलें वर्षों तक लंबित रहती हैं, और जब जनता या मीडिया दबाव बनाती है, तभी औपचारिक नोटिस जारी कर खानापूर्ति की जाती है। खैरहा का मामला यह साबित करता है कि जिला पंचायत कार्यालय में भ्रष्टाचार विरोधी नीतियों की असलियत कितनी खोखली है।

### कार्रवाई के नाम पर रस्म अदायगी

नोटिस में यह चेतावनी दी गई है कि यदि आरोपी 11 नवम्बर को उपस्थित नहीं होते हैं, तो एकतरफा कार्रवाई की जाएगी, लेकिन जिले का अनुभव बताता है कि ऐसे मामलों में न तो वसूली होती है, न ही किसी पर ठोस दंडात्मक कार्रवाई। ज्यादातर फाइलें जांच के बाद फिर से लंबित या विचाराधीन की मोहर के साथ रैक में रख दी जाती हैं।

### स्थानीय लोगों ने उठाए प्रशासनिक नीयत पर सवाल

खैरहा पंचायत के ही शिकायतकर्ता अल्ताफ रजा अशरफी का कहना है कि यह मामला जिला प्रशासन की सुस्ती और ढिलाई का सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा जब जांच जनवरी 2023 में पूरी हो चुकी थी, तब नोटिस अब क्यों? इतने लंबे समय में आरोपियों को अपने बचाव के सारे इंतजाम करने का मौका मिल गया। यह 'जीरो टॉलरेंस' नहीं बल्कि 'जीरो एक्शन' है।

### क्या इस बार वसूली होगी?

खैरहा घोटाले के मामले ने फिर से यह सवाल खड़ा कर दिया है कि जिला प्रशासन आखिर कब तक भ्रष्टाचारियों को समय और सुरक्षा देता रहेगा। जनता का साफ सवाल है कि अगर जांच दो साल पहले पूरी हो चुकी थी, तो कार्रवाई अब क्यों? क्या जिला पंचायत में जीरो टॉलरेंस का मतलब सिर्फ फाइलों में नोटिस जारी करना है या दोषियों से वास्तविक वसूली भी होगी?

### जवाब प्रशासन को देना होगा

अब देखना यह है कि 6 लाख रुपये की फर्जी निकासी के इस प्रकरण में जिला पंचायत सच में कुछ ठोस करता है या यह मामला भी अन्य फाइलों की तरह किसी नए कारण बताओ नोटिस में बदलकर गुमनामी में खो जाता है। फिलहाल इतना तय है कि जीरो टॉलरेंस के नाम पर जिला पंचायत शहडोल की कार्यप्रणाली ने जनता के बीच अपनी साख खो दी है, और अब लोग यही पूछ रहे हैं अगर कार्रवाई दो साल बाद करनी थी, तो जीरो टॉलरेंस का नारा क्यों?

## खनिज पत्थर, गिट्टी का उत्खनन कर परिवहन करते ट्रेक्टर जब्त




उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले मे खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश प्रभारी अधिकारी को दिए है । प्रभारी अधिकारी डॉ.विद्याकांत तिवारी, सहायक खनि.अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि. निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि. निरीक्षक एन.एस.आर्मो की टीम द्वारा विगत दिवस तहसील बिलासपुर अंतर्गत ग्राम कुदरा से खनिज पत्थर का उत्खनन कर परिवहन करते हुये पाये जाने पर वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 54 ए 7624 जिसके वाहन मालिक भारत सिंह निवासी ग्राम निगहरी, तहसील मानपुर अंतर्गत ग्राम रक्शा से खनिज गिट्टी का परिवहन करते हुए पाए जाने पर वाहन ट्रेक्टर क्रमांक एमपी 54 ए 7472 वाहन चालक अनुज बैगा पिता शिवप्रसाद बैगा,निवासी रक्शा तहसील मानपुर , तहसील पाली अंतर्गत 2 वाहन डग्गी क्रमशः एमपी 18 जीए 4686, एमपी 54 जीए 0659 एवं तहसील करकेली में 1 वाहन हाईवा क्रमांक एमपी 52 एच 0253 तथा तहसील नौरोजाबाद में 1 वाहन हाईवा क्रमांक एमपी 19 जेडबी 7223 को खनिज गिट्टी का परिवहन करते हुए जप्त किया जाकर उक्त प्रकरणों में म.प्र. खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 में निहित प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जा रही है।

## घर-घर जाकर किए जा रहे हैं गणना पत्रक वितरित

# एसडीएम ने गणना पत्रक वितरण कार्य का किया निरीक्षण

### मदाताओं से रूबरू चर्चा कर दी एसआईआर की जानकारी

उमरिया।



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत जिले में मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने के एसआईआर प्रक्रिया संचालित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन के निर्देशानुसार जिले के सभी बूथ लेवल अधिकारी घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और दो प्रतियों में तैयार गणना पत्रक वितरित कर रहे हैं और एप पर उपलब्ध लिंक पर मतदाता विवरण अद्यतन कर रहे हैं।

एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह ने ग्राम लोरहा में गणना पत्रक वितरण कार्य का निरीक्षण किया एवं उपस्थित मतदाता श्यामबाई, नानबाई, भानमति , प्रीति, अंकिता विश्वकर्मा से रूबरू चर्चा कर एसआईआर की जानकारी दी । उन्होने मतदाताओं से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर आएँ, तो कृपया उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करें। बीएलओ के पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार आपके नाम, पता और इपिक नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा। इस फॉर्म में भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जाँचे तथा पुष्टि करें। जिन परिवारों में कोई नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है. उनका नाम मतदाता सूची में जोडने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा। यदि किसी परिवार सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से नाम विलोपित किया जा सके। घर-घर सत्यापन के बाद 9 दिसम्बर 2025 को प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। नागरिक 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक अपने नाम संबंधी दावा या आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। उन्होने उपस्थित बीएलओ से कहा कि अभियान का उद्देश्य जिले की मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है ताकि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और कोई अपात्र नाम सूची में शामिल न हो। उन्होने कहा कि इस कार्य को गंभीरतापूर्वक किया जाए , इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नही बरती जाए । इस अवसर पर बीएलओ वार्ड क्रमांक 25 नारायण सिंह, वार्ड क्रमांक 24 सुग्रीव प्रसाद, वार्ड क्रमांक 26 जय प्रकाश, पटवारी लक्ष्मी वासवानी उपस्थित रहे ।

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत चलाया गया विशेष जागरूकता अभियान



हरिभूमि न्यूज कोतमा।

बुधवार को पुलिस अधिकारियों के द्वारा नगर के वार्ड 10 में स्थित कस्तूरबा गांधी छात्रावास पहुंचते हुए छात्राओं को ऑपरेशन मुस्कान विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य वर्तमान परिवेश में महिलाओं की सुरक्षा एवं साइबर संबंधी अपराधों के साथ अन्य गतिविधियों को लेकर जागरूक किया गया। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल के नेतृत्व में उप निरीक्षक अकबर खान, दिनेश राठौर, कंचन चौहान के द्वारा छात्रावास पहुंचे अध्यक्ष एवं उपस्थित छात्राओं को साइबर अपराध से बचने, ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने छात्राओं को बढ़ते सोशल मीडिया के प्रति आगाह किया। सावधानी बरतने, पासवर्ड मजबूत बनाए, गोपनीय जानकारी दूसरों को साझा ना करे। अज्ञात नंबरों से आने वाले वीडियो कॉल हर्गिज ना एक्सेप्ट करें। उपनिरीक्षक अकबर खान ने छात्राओं की सामान्य सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की स्कूल आते जाते समय किसी भी प्रकार की परेशानी पर परिजन, शिक्षकों सहित सुरक्षा संबंधी नंबरों की सहायता ली जा सकती है। महिला पुलिस कंचन चौहान के द्वारा छात्राओं को अपनी ऑनलाइन प्राइवेसी बनाए रखने की भी समझाइश दी गई जिससे उनकी व्यतिगत जानकारी एवं तस्वीरें सुरक्षित रहे। उच्च अधिकारियों के निर्देशन में चलाए अभियान के दौरान छात्रावास स्टाफ से भी चर्चा की,छात्राओं की परेशानी एवं शिकायत पर तत्काल सूचना पुलिस को दे जिससे समय पर कार्यवाही की जा सके। जागरूकता शिविर के दौरान बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।



## युवक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष होंगे अनुराग

उमरिया। करीब तीन महीनों की लंबी प्रतीक्षा के बाद गुरुवार की दोपहर मध्यप्रदेश युवक कांग्रेस के घोषित परिणामों ने जिले की राजनीति में नई ऊर्जा भर दी। जिले के नए अध्यक्ष के रूप में अनुराग सिंह ने शानदार जीत दर्ज करते हुए बाज़ी अपने नाम की। अनुराग सिंह को 5418 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी रोहित तिवारी को मात्र 2729 मत मिले, यानी लगभग 50 प्रतिशत से भी अधिक के अंतर से अनुराग सिंह ने विजय हासिल की। निर्वाचन उपरांत घोषित कार्यकारिणी में रोहित तिवारी और शाहरुख खान को जिला युवक कांग्रेस का उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं राहुल द्विवेदी (मानपुर) और सनु उपाध्याय (पाली) को जिला सचिव पद की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। नव-निर्वाचित जिलाध्यक्ष अनुराग सिंह, जिला पंचायत सदस्य ओमकार सिंह के पुत्र हैं, जो जिले में कांग्रेस संगठन के एक सशक्त और प्रभावशाली चेहरे के रूप में जाने जाते हैं। अनुराग सिंह की ताजपोशी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह और जश्न का माहौल देखा जा रहा है।

## पत्रकार कल्याण परिषद की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

पत्रकार कल्याण परिषद संगठन द्वारा पत्रकारों के हितों की रक्षा और समस्याओं के समाधान हेतु एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक मृगेन्द्र सिंह के नेतृत्व में तथा विनय उपाध्याय एवं प्रदीप उपाध्याय के मार्गदर्शन में कोतमा में सम्पन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के सभी पत्रकार साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे और संगठन को मज़बूती प्रदान करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार समाज की आवाज़ होते हैं, अतः उनके अधिकारों और सम्मान की रक्षा के लिए संगठनात्मक रूप से एकजुट रहना आवश्यक है। इस अवसर पर पत्रकारों ने आपसी एकता, पारदर्शिता और निष्पक्ष पत्रकारिता के मूल्यों को बनाए रखने का संकल्प दोहराया। बैठक का संचालन करते हुए मृगेन्द्र सिंह ने कहा कि पत्रकार कल्याण परिषद आगे भी पत्रकारों के हक़ की लड़ाई लड़ती रहेगी और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेगी। बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई और सभी उपस्थित पत्रकारों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



# स्मार्ट मीटर के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन







प्रदेश सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं पर थोपे जा रहे स्मार्ट मीटर के विरोध में मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाली ने जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार का यह निर्णय तुगलकी फरमान साबित हो रहा है, जिससे व्यापारी, किसान, मजदूर और आम जनता आर्थिक रूप से परेशान हो रही है।

बिरसिंहपुर पाली।

जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पाली ने स्मार्ट मीटर लगाए जाने की प्रक्रिया के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध रैली निकाली। रैली के बाद कांग्रेसजनों ने एसडीएम पाली के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि प्रदेश सरकार तत्काल इस निर्णय को वापस ले, क्योंकि इससे जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है और बिना सहमति के जबरन मीटर बदले जा रहे हैं।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद उपाध्याय ने कहा कि सरकार जनता की जेब पर डाका डालने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर के नाम पर निजी कंपनियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है, जबकि आम नागरिक से जबरन वसूली की जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने यह निर्णय वापस नहीं लिया तो कांग्रेस आंदोलन को और तेज करेगी।प्रदर्शन के दौरान मौजूद कांग्रेस नेताओं ने कहा कि सरकार बिजली को भी मुनाफे का सौदा बना चुकी है। किसान और मजदूर वर्ग पहले से ही महंगाई की मार झेल रहा है, ऐसे में स्मार्ट मीटर लगाने का फैसला पूरी तरह जनविरोधी है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 'स्मार्ट मीटर वापस लो' और 'जनविरोधी नीति बंद करो' जैसे नारे लगाते हुए विरोध दर्ज कराया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रमोद उपाध्याय के साथ ठाकुर राजेंद्र सिंह, रामनारायण पांडेय, संजीव खंडेलवाल, राजेश कोल, जानकी मिश्रा, कृष्णकांत अवधिया, विंदे सिंह, एडवोकेट दिलीप महोबिया, कमल नारायण सिंह, मोहम्मद मोबीन, लक्ष्मण कुशवाहा, रवि मिश्रा, त्यागी महाराज संतोष शुक्ला, प्रदीप नारायण तिवारी, अंबिका पांडेय, गौरव अग्रवाल, सुधांशु सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित रहे।प्रदर्शन में महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। मुन्नी बाई, सुषमा सिंह, बिट्टी बाई, कांति बाई, कृष्णा कुमारी सिंह, सुनीता बाई, राधा बाई, सोमवती, गेंदा बाई सहित कई महिला कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस ने कहा कि स्मार्ट मीटर योजना जनता के हित में नहीं है और इसे लागू करने से पहले व्यापक जनसहमति ली जानी चाहिए।कांग्रेस ने यह भी चेताया कि अगर सरकार ने जनता की आवाज नहीं सुनी तो आगामी दिनों में पूरे जिले में आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा।

## सड़क और डिवाइडर पर कचरा फेंकने वालों पर होगी कार्रवाई

### कचरा फेंकने वाले से उठावाया गया कचरा



**ब्यौहारी।** नगर परिषद के अंतर्गत अब सड़क और डिवाइडर पर कचरा फेंकने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ऐसे लोग जो हमेशा सड़क पर कचरा फेंक देते हैं गाड़ी में नहीं फेंकते आदतन लोगों को पहले समझे दी जाएगी समझाइस बाद भी यदि नहीं मानते तो उनको जुर्माना किया जाएगा सामान्य प्रशासन समिति के सभापति पार्षद आशीष गुप्ता ने बताया कि निगरानी समिति का गठन हो चुका है सड़क पर पानी बहाने वाले, कचरा फेंकने वालों की फोटो लोग मुझे व्हाट्सएप के माध्यम से भेज सकते हैं उनका नाम गुप्त रखा जाएगा संबंधित व्यक्ति को समझाईस दी जाएगी इसके बाद भी यदि नहीं मानता तो उसकी फोटो सोशल मीडिया में डाली जाएगी जुर्माना भी किया जाएगा इसलिए सभी नागरिक सड़क पर कचरा ना फेक गाड़ी में ही डालें।

## 10 दिन में विकास कार्य नहीं हुए तो करूंगी अनशन: पार्षद सुकृति सिंह

# नगर पालिका में सौतेला व्यवहार का आरोप

धनपुरी।

नगर पालिका परिषद धनपुरी की पार्षद श्रीमती सुकृति सिंह (वार्ड क्रमांक 05) ने नगर पालिका प्रशासन पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उनके वार्ड में पिछले तीन वर्षों से कोई विकास कार्य नहीं हुआ, जबकि अन्य वार्डों में लगातार काम चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि 10 दिनों के भीतर उनके वार्ड के 11 लंबित कार्यों जो की तीन वर्ष पहले दिए गए थे की स्वीकृति नहीं दी गई, तो वे अनशन पर बैठ जाएंगी।पार्षद सुकृति सिंह ने नगर पालिका अध्यक्ष और नगर पालिका सीएमओ को दिए अपने आवेदन में कहा कि जनता ने उन्हें वार्ड के विकास के लिए चुना था, लेकिन अब उन्हें अपने ही क्षेत्र में जनता के सवालों और नाराज़गी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि "कांग्रेसी पार्षद होने की वजह से मेरे वार्ड के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है।"उन्होंने आगे कहा "मुझे न कांग्रेस करनी है, न भाजपा करनी है।

मुझे सिर्फ अपने वार्ड के विकास से मतलब है। जनता ने मुझे राजनीति के लिए नहीं, विकास के लिए चुना है।₹पार्षद ने बताया कि नगर के अन्य वार्डों में पार्षदों के सुझाव पर सड़क, नाली, मंच और पेवर ब्लॉक जैसे काम कराए गए हैं, लेकिन वार्ड क्रमांक 05 में स्थिति कुछ काम छोड़कर न सड़क बनी, न नालियां सुधरीं।पार्षद सुकृति सिंह ने पत्र में अपने 11 प्रमुख विकास कार्यों की सूची भी जोड़ी है, जिनमें शामिल हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के पीछे सांस्कृतिक मंच, बाउंड्रीवाल, सर्वेंट क्वार्टर व किचन निर्माण।काली मंदिर से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तक सड़क का डामरीकरण। 1000 मीटर नाली कवर व मेंटेनेंस। खेर माता मंदिर परिसर में मंच, पेवर ब्लॉक व चबूतरा निर्माण। श्मशान घाट का निर्माण। सुलेमान के घर से काली मंदिर तक सड़क व नाली निर्माण। खेर माता से इराकी मंजिल तक नाली निर्माण। शंकर लाल गुप्ता से बृजेश शुक्ला तक सड़क व नाली निर्माण। खेर माता में मंच, स्टोर, पेवर ब्लॉक व गेट निर्माण।पंप हाउस के सामने शेड निर्माण। निशांत की दुकान से पंप हाउस तक सड़क व नाली निर्माण। पुरानी पोस्ट ऑफिस के पास बरगद पेड़ में चबूतरा निर्माणउन्होंने कहा कि तीन साल से बैठकों में आवाज़ उठाने के बाद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। "हम बार-बार दरवाज़ा खटखटाते हैं, लेकिन जवाब सिर्फ इतना मिलता है कि 'प्रक्रिया में है'। आखिर यह प्रक्रिया कब पूरी होगी?" पार्षद ने सवाल उठाया।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बरसात में गलियां कीचड़ से भर जाती हैं, नालियां जाम हैं और सड़कें जर्जर हालत में हैं। अब जनता भी पार्षद के साथ खड़ी है और जल्द कार्रवाई की मांग कर रही है। उन्होंने कहा "मेरा संघर्ष राजनीति के लिए नहीं, अपने वार्ड के हक़ के लिए है। मैं चाहती हूँ कि नगर पालिका जनता के हित में काम करे।" अब देखना यह है कि नगर पालिका प्रशासन इसे कितनी गंभीरता से लेता है या फिर वार्ड 05 की पार्षद सच में अनशन के रास्ते पर उतरेंगी।






# प्रकाश पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा, लंगर का हुआ आयोजन





ब्यौहारी।

ब्यौहारी सिंधी समाज द्वारा 556वीं जयंती नगर भ्रमण शोभायात्रा सिन्धी गुरुद्वारा से बनसुकली चौराहा होते हुए टोपन तिराहा लक्ष्मी नारायण मंदिर खटकरिया तालाब मेन रोड होते हुएएवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें समस्त सिंधी समाज छोटे-छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग तक महिलाएं शामिल हुए एवं भाव खुशी के साथ प्रभात फेरी में शामिल हुए मानवता, सत्य और सेवा के अद्वितीय प्रतीक सिंधी एवं सिख पंथ के संस्थापक व प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी महाराज के 556वें प्रकाश पर्व पर उन्हें कोटिशः नमन। उन्होंने आज से पाँच शताब्दी पूर्व समाज में संगठन, समानता और सदाचार की जो नींव रखी, उसी पर आज भारत की सामाजिक व नैतिक व्यवस्था दृढ़ता से खड़ी है। आज ब्यौहारी में आयोजित कार्यक्रम में सहभाग कर गुरुद्वारे में गुरु नानक देव जी महाराज की पावन स्मृतियों को नमन किया एवं खुशियों के साथ प्रभात फेरी एवं लंगर प्रसाद का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष हरवक्स राय, लकी पिंजानी, चक्रेश पिंजनी, विकी पिंजानी, गिरधारी लाल बजाज, चिरंजी लाल चंचलानी रोशन नागपाल, नितिन अशुदानी, सहित समाज के सभी लोग उपस्थित थे



## अनुपम बने शहडोल जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष 3636 मतों से दर्ज की ऐतिहासिक जीत

**शहडोल।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के चुनाव परिणामों ने जिले की राजनीति में नया जोश भर दिया है। शहडोल जिले से अनुपम गौतम ने 3636 मतों के भारी अंतर से विजय हासिल करते हुए जिला अध्यक्ष का पद अपने नाम किया है। यह जीत न केवल उनकी व्यक्तिगत लोकप्रियता का प्रमाण है, बल्कि संगठन में युवाओं की बढ़ती ताकत को भी दर्शाती है। युवा कांग्रेस के इस चुनाव परिणाम के साथ जिले में संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन पूरा हो गया है। प्रदेश सचिव पद पर अभिषेक शुक्ला का चयन किया गया है। वहीं जिला महासचिव पद पर श्रीनामो गर्ग, निशांत जोशी, शेख आबिद, मोहम्मद मोहसिन, अलीम खान और रिदा परवीन ने जीत दर्ज की है। इन सभी ने लंबे समय से संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहकर युवा वर्ग में अपनी पहचान बनाई है। विधानसभा स्तर पर भी प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ, जिसमें जयसिंहनगर से शेख सजील, ब्यौहारी से विक्रम कोल और जैतपुर से अभिषेक वर्मा को विधानसभा अध्यक्ष चुना गया। विकासखंड स्तर पर हुए चुनावों में सोहागपुर से प्रियांशु चौबे, जयसिंहनगर से अंकित पांडेय, सिंहपुर से शिवम यादव, ब्यौहारी से आयुष्मान ताम्रकार, सिंहपुर-2 से अभिषेक त्रिपाठी, अमझोर से कृष्णपाल रैदास, बुढ़वा से उत्कर्ष सिंह, देवलोंद से संजय गुप्ता, करकी से रामलखन यादव, पपौंध से हिमांचल त्रिपाठी, बुढ़ार से अभिषेक यादव, जैतपुर से आशीष मिश्रा, केशवाही से दीपक मिश्रा और खैरहा से सचिन द्विवेदी विजयी रहे। गौरतलब है कि युवा कांग्रेस के चुनावों की अधिसूचना 18 अप्रैल को जारी की गई थी।

# जनप्रतिनिधियों को दिया गया प्रशिक्षण









उमरिया।

जिला पंचायत सभागार में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जनप्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया गया । मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा ने प्रशिक्षण देते हुए बताया कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 326 के अनुसार मतदाता की पात्रता भारतीय नागरिक होना, आयु कम से कम 18 वर्ष होना, संबधित निर्वाचन क्षेत्र मे सामान्य रूप से निवास करना, किसी कानून के अंतर्गत आयोग्य न होना है। उन्होंने बताया कि 1951 से 2004 तक आठ बार एसआईआर किया जा चुका है। पिछला एसआईआर लगभग 21 वर्ष पहले , साल 2001-2004 में किया गया था। एसआईआर में प्रमुख अधिकारियों में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ), प्रत्येक तहसील के लिए सहायक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ), जिला मजिस्ट्रेट, ईआरओ के निर्णय के विरूध्द की गई प्रथम अपील को सुनते है। राज्य,केंद्र शासित प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, कलेक्टर के निर्णय के विरूध्द की अपील सुनते है। प्रत्येक बीएलओ मौजूदा मतदाता को गणना प्रपत्र वितरित करेंगे तथा बीएलओ मिलान, लिंकिंग के लिए पिछले एसआईआर के अखिल भारतीय डेटाबेस की सहायता लेंगे।गणना चरण के दौरान ईएफ के साथ किसी अन्य दस्तावेज की आवश्यकता नही है।ईआरओ,एईआरओ यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी पात्र नागरिग छूटे नही तथा कोई भी अपात्र व्यक्ति सम्मिलित नही हो। जिला मजिस्ट्रेट ईआरओ के निर्णय के विरूध्द की गई प्रथम अपील सुनेंगे । मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय के विरूध्द व्दितीय अपील को सुनेगे । उन्होने बताया कि बीएलए मतदाताओ से भरे हुए गणना प्रपत्र एकत्र कर सकते है,प्रतिदिन अधिकतम 50 गणना प्रपत्र प्रमाणित कर सकते है और उन्हे बीएलओ को सौपेगे। मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण प्रत्येक केंद्र पर अधिकतम 1200 मतदाता की सीमा पर निर्धारित किया गया है। दस्तावेजो के सांकेतिक सूची में किसी केन्द्रीय,राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम व्दारा नियमित कर्मचारी, पेंशनर को जारी पहचान पत्र,पेंशन भुगतान आदेश, सक्षम प्राधिकारी व्दारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, विश्व विद्यालय व्दारा जारी मैट्रिक , शैक्षणिक प्रमाण पत्र,वन अधिकार प्रमाण पत्र, ओबीसी, एससी, एसटी या अन्य जाति प्रमाण पत्र,राज्य, स्थानीय निकाय व्दारा पारिवारिक रजिस्टर सहित अन्य शामिल है। उन्होने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार मुद्रण प्रशिक्षण के लिए 28 अक्टूबर से 3 नवंबर तक,घर घर गणना चरण के लिए 4 दिसंबर तक, प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 9 दिसंबर को, दावे एवं आपत्तियो की अवधि 9 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 ,नोटिस चरण के लिए 9 दिसंबर से 31 जनवरी तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम बांधवगढ़ अंबिकेश प्रताप सिंह, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह,जनप्रतिनिधि त्रिभुवनप्रताप सिंह,राजेन्द्र कोल, नगरीय निकायों के वार्ड पार्षद सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप

### 7 नवंबर को विभिन्न कार्यक्रमों का किया जाएगा आयोजन

उमरिया। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 7 नवंबर को विभिन्नभ कार्यक्रम आयोजित किए जाऐगे । उन्होने बताया कि 7 नवंबर को प्रातः 8.30 बजे से मैराथन दौड़ का आयोजन स्टेडियम गेट नंबर 1 से किया जाएगा । यह दौड़ अस्पताल तिराहा, जय स्तंभ चौक, गांधी चौक, रणविजय चौक, सामुदायिक भवन होते हुए गेट नंबर 2 से पुनः स्टेडियम पहुंचेगी । प्रातः 9.30 बजे वंदेमातरम का संपूर्ण गायन किया जाएगा । प्रातः 10 बजे से नई दिल्ली से माननीय प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना जाएगा । उन्होने बताया कि कार्यक्रम के संपूर्ण नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह होगे । उन्होने जिला शिक्षा अधिकारी, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग, जिला परियोजना समन्वयक से कहा है कि वंदेमातरम का संपूर्ण गायन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें । साथ ही जिला मुख्यालय के समस्त शासकीय, अशासकीय विद्यालयो के छात्र छात्राओ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।

### जिला विकास सलाहकार समिति में सदस्य बने पूर्व प्राचार्य गोविंद सिंह राठौर



अनूपपुर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के पूर्व संयुक्त जिला अध्यक्ष शहडोल एवं शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल बीड के पूर्व प्राचार्य गोविंद सिंह राठौर को जिला विकास सलाहकार समिति अनूपपुर में सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया है। यह समिति जिले के सर्वांगीण विकास, योजनाओं के क्रियान्वयन, तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। श्री राठौर को समिति में समाज सेवा वर्ग के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। यह मनोनयन उनके दीर्घकालीन सामाजिक सरोकारों, किसान हितों के प्रति समर्पण, तथा शिक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए किया गया है। गोविंद सिंह राठौर का राजनीतिक और सामाजिक जीवन सदैव जनसेवा को समर्पित रहा है। उन्होंने अपने कार्यकाल में किसानों की समस्याओं को लेकर लगातार आवाज उठाई और शासन-प्रशासन तक उनकी मांगों को पहुँचाने का कार्य किया। शिक्षा क्षेत्र में भी उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु कई नवाचार लागू किए और समाज में शिक्षित और जागरूक नागरिकों की नई पीढ़ी तैयार करने में अहम भूमिका निभाई। उनकी इस नियुक्ति की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला। भाजपा कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, समाजसेवियों एवं ग्रामीण जनता ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि श्री राठौर का अनुभव और मार्गदर्शन जिला विकास सलाहकार समिति को सशक्त दिशा प्रदान करेगा।

### सिंधु नव युवक सेवा मंडल द्वारा प्रतिभावान छात्रों का सम्मान



शहडोल। सामाजिक समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिंधु नव युवक सेवा मंडल शहडोल द्वारा रविवार, 9 नवम्बर 2025 को 21 वां टैलेंटेड स्टूडेंट्स ऑनर सेरेमनी का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम वर्षों से विद्यार्थियों को सम्मानित कर समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने की प्रेरणा देता आ रहा है।



### सीतामढ़ी में देव दीपावली पर भक्ति का सागर उमड़ा

## 11 हजार दीपों से सजा श्रीराम पथगमन मार्ग, बबली यादव के भजनों ने बांधा समां

**शहडोल।** कार्तिक पूर्णिमा पर देव दीपावली के पावन अवसर पर श्रीराम पथगमन मार्ग, ग्राम गंधिया (सीतामढ़ी) परिसर भक्ति, आस्था और दिव्यता के रंगों में सराबोर रहा। जिला प्रशासन एवं श्रीरामचंद्र पथगमन न्यास, मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं को भक्ति के सागर में डुबो दिया। उमरिया से आई प्रसिद्ध भजन गायिका बबली यादव एवं उनके दल ने अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जरा देर ठहरो राम तमन्ना यही है, मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे राम आएंगे, तेरी मंद मंद मुस्कनिया पे बलिहार जाऊं रे जैसे भक्ति गीतों ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। उनके साथ पदम नापित ने जय गणपति वंदन गण नायक और हे राम तू अंतरयामी जैसे गीतों से श्रोताओं के हृदय में भक्ति का संचार किया। सामाजिक न्याय विभाग के कलाजत्था दल ने गणेश वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगीत दल में की-बोर्ड पर नमित पटेल (पाली), बेस गिटार पर सुरेश कुमार (कटनी), ऑक्टोपैड पर अमित पटेल (पाली) और लकी गुप्ता ने ढोलक पर ताल दी। कार्यक्रम में सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, विधायक शरद जुगलाल कोल, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, सीईओ जिला पंचायत शिवम प्रजापति, एसडीएम जयसिंहनगर सुश्री काजोल सिंह, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया। सभी ने दीपदान कर महाआरती में सम्मिलित होकर प्रभु श्रीराम के जयकारे लगाए। शाम ढलते ही श्रीराम पथगमन मार्ग का परिसर दीपमालाओं और 11 हजार मिट्टी के दीपों की रौशनी से जगमगा उठा।

## खबर संक्षेप



### जिले में घुसते ही गजराज ने फसलों को किया नुकसान

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर। बुधवार की देर रात एक नर हाथी छत्तीसगढ़ राज्य के शिवनी बीट से मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिला अंतर्गत जैतहरी तहसील के चोलना गांव में प्रवेश कर गुरुवार की सुबह धनगवां बीट के जंगल में पहुंचकर विश्राम कर रहा है यह हाथी रात के समय किसानों के खेतों में लगी फसलों को खा कर नुकसान किया,वन विभाग द्वारा निरंतर हाथी की निगरानी करते हुए ग्रामीणों को सचेत एवं सतर्क रहने की अपील की है। एक अकेला दांत वाला नर हाथी बुधवार के दिन छत्तीसगढ़ राज्य के वन मंडल एवं वन परिक्षेत्र मरवाही के शिवनी बीट के जंगल में दिनभर विश्राम करने बाद देर शाम शिवनी बीट के मालाडांड गांव से होकर अनूपपुर जिले के जैतहरी तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत चोलना के गूजर नाला को झिरिया टोला के समीप से पार करते हुए चोलना गांव से बचहाटोला, कुकुरगोड़ा होते हुए गुरुवार की सुबह धनगवां बीट के जंगल जो ग्राम पंचायत क्योंटार के कुसुमहाई गांव से लगा हुआ है जहां पहुंचकर चुका है। हाथी के विचरण पर वनविभाग की टीम द्वारा निरंतर निगरानी रखते हुए ग्रामीणों को सचेत एवं सतर्क रहने की अपील की है लगभग दो माह बाद फिर से एक हाथी के आने पर ग्रामीण चिन्तित एवं भयभीत है ग्रामीणों की खड़ी फसल का नुकसान किए जाने से परेशान है यह हाथी अभी तक तीन वर्षों से जिस रास्ते से आवगमन कर रहा है उसी रास्ते से एक बार फिर आ गया है।

### अवैध अंग्रेजी शराब परिवहन में दो आरोपी गिरफ्तार



राजनगर। पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमति आरती शाक्य के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध शराब जप्ती की कार्यवाही की गई। 05.11.2025 को थाना रामनगर पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय पर रोक लगाने हेतु की गई विशेष कार्यवाही के दौरान रात्रि गश्त में मुखबिर से प्राप्त सूचना पर स्टेडियम तिराहा, राजनगर के पास नाकाबंदी की गई। नाकाबंदी के दौरान एक सफेद रंग की बोलेरो वाहन (क्रमांक सीजी 16 बी 3956) तेज रफ्तार से आती दिखाई दी, जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करते हुए सड़क किनारे पेड़ से टकराकर रुक गई। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें रखे 16 खाखी रंग के कार्टन से विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद की गई। कुल 150.840 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब, जिसकी अनुमानित कीमत 1,31,364 आँकी गई। जब्त वाहन व शराब का कुल मूल्य 7,31,336 है।

### युवाओं में एकता का संदेश देगी पदयात्रा



अनूपपुर। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मेरा युवा भारत के माध्यम से शुरू की गई विकसित भारत पदयात्रा को लेकर 6 नवंबर 2025 को अनूपपुर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनभागीदारी से राष्ट्र निर्माण के विजन से प्रेरित है। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में देशभक्ति, एकता और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को सशक्त बनाना है। प्रेस वार्ता में कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रामलाल रौतेल, कार्यक्रम के जिला संयोजक विनोद केवट, सहसंयोजक रवि राठौर, भूपेंद्र महरा, राजेश सिंह तथा मेरा युवा भारत के जिला समन्वयक आदित्य सिंह और मनीष सिंह उपस्थित रहे। मेरा युवा भारत के जिला अधिकारी आदित्य सिंह ने जानकारी दी कि 31 अक्टूबर से 25 नवंबर तक जिला स्तर पर पदयात्राएं आयोजित की जा रही हैं, जबकि 26 नवंबर से 6 दिसंबर तक करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक 152 किलोमीटर लंबी राष्ट्रीय पदयात्रा का आयोजन होगा। अतिथियों ने सभी युवाओं से सक्रिय भागीदारी का आह्वान करते हुए इस पहल को "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की दिशा में सार्थक कदम बताया।

## जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक मे क्षेत्रीय मुद्दे रहे हावी

# विभिन्न कार्यों के प्रगति की समीक्षा

### अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि लोकहित के कार्यों में निभाएं अपनी महती भूमिका

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

**जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत के सभागार में जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन एवं दिए गए निर्देशों के संबंध में सार्थक चर्चा की गई तथा पूर्व में लिए गए निर्णय के संबंध में विचार विमर्श किया गया।**



बैठक में उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती पार्वती राठौर, सदस्य सुश्री भारती केवट, श्रीमती यशोदा सिंह, दरोगा सिंह, नर्मदा सिंह, भूपेंद्र सिंह, रंजीत सर्राटी, राम जी रिंकू मिश्रा, श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह, श्रीमती किरण चौधरी सहित जिले के संबंधित विभाग के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से कहा कि सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी समन्वय बनाते हुए जनकल्याण का कार्य करें तथा समाज के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि लोकहित के कार्यों में अपनी महती भूमिका निभाएं तथा अपना कार्य पूरे निष्ठा के साथ करें।

#### स्वीकृत कार्यों की दी गई अद्यतन जानकारी

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 की डीपीडीपी की अनुमोदित कार्ययोजना स्वीकृत कार्यों की अद्यतन जानकारी पर चर्चा, मनरेगा अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 स्वीकृत कार्यों की प्रगति मूल्यांकन किया गया। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 5,070 कार्य, खेत तालाब योजना के अंतर्गत 3,754 कार्य, रिचार्ज पीट योजना के अंतर्गत 508 कार्य, एक बगिया मां के नाम अभियान के अंतर्गत 344 कार्य, कपिलधारा कूप योजना के अंतर्गत 201 कार्य, पीसीसी रोड के 109 कार्य तथा सुदूर ग्राम योजना, अमृत सरोवर, कपिलधारा निर्मल नीर सहित अन्य विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। इसी प्रकार बैठक में प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत स्वीकृत कार्य, खनिज प्रतिष्ठान मद, जल जीवन मिशन, पीएम श्री योजना, नल जल योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, सहित अन्य विभिन्न योजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी ली गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों ने नल जल योजना के अंतर्गत जानकारी प्रदान की कि जिले में 145 कार्य प्रगतिरत है। जल संसाधन विभाग के आठ कार्य, लोक निर्माण विभाग (भवन) के 44 कार्य जिले में प्रगतिरत है, जिन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड योजना के अंतर्गत चिन्हित निजी चिकित्सालयों की सूची तैयार कर सार्वजनिक की जाए तथा इसकी जानकारी आमजनों तक पहुंचाई जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी योजना का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें।

#### बेहतर स्वास्थ्य सेवा के निर्देश

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सिंह ने जिले के समस्त प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु दवाइयों की आपूर्ति, डॉक्टरों की उपस्थिति एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती अर्चना कुमारी ने निर्माण कार्यों से जुड़े विभागों को कार्यों की गुणवत्ता, एप्रोच रोड, नए भवनों में जल निकासी व्यवस्था, शौचालयों की गुणवत्ता एवं ढलान व्यवस्था संबंधी दिशानिर्देश दिए। बैठक में अनूपपुर जिले के मजरा-टोलों की स्थिति की भी समीक्षा की गई, जिसमें अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जिले में कुल 261 मजरा-टोले हैं, जिनमें 411 कार्य प्रगतिरत हैं। इस पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बैठक में अन्य विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर भी सार्थक चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्णय लिए गए।

#### क्षेत्रीय मुद्दों पर भी हुई बात

बैठक में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती वाल्मीकि राठौर, सदस्य सुश्री भारती केवट, श्रीमती यशोदा सिंह, श्रीमती भुवनेश्वरी सिंह, भूपेंद्र सिंह, राम जी रिंकू मिश्रा, दरोगा सिंह, नर्मदा सिंह, श्रीमती किरण चौधरी ने क्षेत्रीय मुद्दों के संबंध में अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया। बैठक में पांचवें एवं 15 वें वित्त आयोग तथा विभागीय एवं अभिसरण के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने मनरेगा अंतर्गत एक बगिया मां के नाम योजना के संबंध में जानकारी देते हुए इस योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने के लिए प्रेरित करने की अपील की। बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी, लोक निर्माण तथा जल संसाधन विभाग तथा लोक निर्माण विभाग (भवन) और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।



## अमरकंटक में मृत मिली गाय, सिर पर गंभीर चोट

### विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने जताई कड़ी नाराज़गी

हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

नगर के वार्ड क्रमांक 2 में एक गाय मृत अवस्था में पाई गई, जिसके सिर पर गहरी चोट के निशान पाए गए। घटना की सूचना मिलते ही विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। पदाधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला संदिग्ध प्रतीत होता है और यह हत्या भी हो सकती है। उन्होंने कहा कि "यदि कोई व्यक्ति गायों की देखभाल नहीं कर सकता तो उन्हें इस प्रकार दुर्गति की स्थिति में न छोड़े। इस तरह का कृत्य अत्यंत निंदनीय है और बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।" गाय के सिर पर गहरी चोट के कारण यह स्पष्ट नहीं हो सका कि यह घटना किसी जंगली जानवर का हमला है या मानव द्वारा की गई हिंसा। विश्व हिंदू परिषद ने प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की है तथा कहा कि "विगत एक माह से नगर परिषद अमरकंटक से गौशाला हेतु भूमि की मांग की जा रही है, ताकि आवारा गायों को सुरक्षित आश्रय मिल सके। जब तक यह मांग पूरी नहीं होती, ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति की संभावना बनी रहेगी।" इस दौरान विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल अमरकंटक से अंकुश द्विवेदी, अभिषेक द्विवेदी, शिवाजी पाण्डेय, ऋषभ समुद्रे, अभिषेक शर्मा, लिकेश्वर सोनवानी, मयंक कुशवाहा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अवैध रेत परिवहन पर पुलिस ने की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज जैतहरी।



पुलिस अधीक्षक मोती उर्र रहमान द्वारा अवैध रेत उत्खन्न करने वाले रेत माफिया के विरूद्ध लगातार चलाये जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम,एसडीओ(पी.) सुमित केरकट्टा के निर्देशन एवं थाना प्रभारी अमर वर्मा के मार्गदर्शन में की गई कार्यवाही। 06 नवंबर को हमराह पुलिस स्टाफ उप निरीक्षक अमरलाल यादव के रात्री गस्त कस्बा देहात भ्रमण में था। दौरान भ्रमण कस्बा वेकंटनगर में मुखविर से सूचना प्राप्त हुई की अलान नदी कुम्हरान घाट में एक लाल रंग का महेन्द्रा ट्रेक्टर अवैध रेत खनिज म.प्र. शासन की अलान नदी कुम्हरान घाट से ट्राली में लोड़ कर रहा है की सूचना पर स्वतंत्र साक्षीयो को साथ लेकर मुखबिर द्वारा वताये स्थान अलान नदी कुम्हरान घाट लाईनपार वेंकटनगर पहुंचा जो ट्रेक्टर चालक द्वारा पुलिस को देखकर रेत खाली करके भागने लगा जो पुलिस द्वारा उक्त गवाहो को समक्ष ट्रेक्टर एवं ट्राली एवं चालक को पकड़ा गया जो ट्रेक्टर ट्राली में देखा तो ट्राली में रेत नही थी खाली कर दिया था जो कुछ रेत ट्राली में लगी हुई थी तब ट्रेक्टर चालक से नाम पता पूंछा तो ट्रेक्टर चालक अपना नाम पारसनाथ प्रजापति पिता बारेलाल प्रजापति उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम लाईनपार वेंकटनगर थाना जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र. का होना बताया चालक को धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस देकर रेत चोरी करने एवं कागजात लाईसेंस चाहने हेतु जानकारी वावत दिया गया जो चालक द्वारा अलान नदी कुम्हरान घाट से ट्रेक्टर मालिक पूनम पाठक के कहने पर म.प्र. शासन की खनिज रेत अलान नदी कुम्हरान घाट से ट्रेक्टर ट्राली में फुल ट्राली लोड़ लाईनपार वेंकटनगर ले जाने हेतु किया था जो उसी समय पुलिस के पहुंच जाने पर पुलिस को देखकर ट्रेक्टर ट्राली की रेत खाली कर देना लेख किया है जो उक्त ट्रेक्टर चालक एवं वाहन स्वामी पूनम पाठक को अवैध रेत उत्खन्न परिवहन में संलिप्त पाये जाने से महेन्द्रा यूवा लाल रंग का ट्रेक्टर कीमती 500000 रू का जप्त किया गया। चालक द्वारा ट्रेक्टर ट्राली से फुल ट्राली 03 घन मीटर रेत खनिज ट्रेक्टर की ट्राली में लोड़ किया गया था जो खाली कर दिया गया रेत कीमती 3000 रू चालक द्वारा ड्रायविंग लाईसेंस वाद में प्रस्तुत करने कहा गया तथा वाहन स्वामी पूनम कुमार पाठक पिता स्व. आजाद प्रसाद पाठक उम्र 38 वर्ष निवासी वेंकटनगर थाना जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र. का उपस्थित आया जिससे पूछतांछ पर स्वंय को ट्रेक्टर मालिक होना बताया तथा रेत घर के लिये चोरी करके ले जाना बताया वाहन स्वामी द्वारा वाहन का कोई दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत नही किया गया वाहन स्वामी एवं चालक का अभिरक्षा पत्रक भरकर मामले में 07 वर्ष से कम की सजा का प्रावधान होने से धारा 35(3) बीएनएसएस नोटिस दिया गया। जप्त शुदा ट्रेक्टर ट्राली चौकी वेंकटनगर लाकर सुरक्षार्थ चौकी परिसर में खड़ा कराया गया है वापसी पर अपराध क्र.- 432/25 धारा- 303(2), 317(5), 62 बीएनएस एवं 4/21 खान खनिज अधिनियम व 130/177(3) एम.व्ही. एक्ट का पंजीवद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### नर्मदा मंदिर में पूजन-अर्चन के बाद हुई शुभ शुरुआत, 10 नवंबर को सम्पन्न होगी यात्रा

## श्रद्धालुओं ने गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ की पंचकोशी नर्मदा परिक्रमा




हरिभूमि न्यूज अमरकंटक।

पवित्र नगरी अमरकंटक में गुरुवार 6 नवंबर को पतित पावनी मां नर्मदा की पांच दिवसीय पंचकोशी नर्मदा परिक्रमा का शुभारंभ हुआ। प्रदेश के नरसिंहपुर जिले के करेली से पहुंचे सैकड़ों भक्त श्रद्धालुओं ने नर्मदा मंदिर में विधिवत पूजन-अर्चन के बाद गाजे-बाजे, भजन-कीर्तन और जयकारों के साथ परिक्रमा यात्रा प्रारंभ की। यह पंचकोशी नर्मदा परिक्रमा 10 नवंबर 2025 (सोमवार, अगहन कृष्ण पक्ष पंचमी-षष्ठी, पुनर्वसु नक्षत्र) को नर्मदा उद्गम मंदिर में हवन, पूजन-अर्चन, आरती और भंडारे के साथ सम्पन्न होगी। परिक्रमा में लगभग 1000 से अधिक महिला-पुरुष श्रद्धालु भाग ले रहे हैं, जो भक्ति और उत्साह से ओत-प्रोत होकर मां नर्मदा के जयघोष करते हुए यात्रा पर निकले हैं। इस धार्मिक यात्रा में मध्य प्रदेश के अन्य जिलों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मिलित हुए हैं। पंचकोशी परिक्रमा का नेतृत्व पंडित जगदीश तिवारी एवं पंडित विजय कुमार तिवारी कर रहे हैं। इस परिक्रमा यात्रा में कमलेश कहार, घनश्याम लोमवंशी, जगदीश लोमवंशी, दिनेश अग्रवाल, पंडित शिवकुमार तिवारी, रमेश कश्यप, दिनेश कुमार शर्मा, रामरतन नामदेव, खेमचंद, मोहित, संजय अग्रवाल, स्वप्निल अग्रवाल, रामलोचन, रमेश पाठक, वराधार सिंह धाकड़, श्यामलाल पटेल, तुलसीदास सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हैं। यह परिक्रमा परंपरा स्वर्गीय जगदीश प्रसाद तिवारी द्वारा आरंभ की गई थी, जिसे उनके सुपुत्र पंडित शिवकुमार तिवारी पिछले लगभग 25 वर्षों से अनवरत रूप से संचालित कर रहे हैं। परिक्रमा का प्रथम पड़ाव नर्मदा माई की बगिया में हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने रात्रि विश्राम और मां नर्मदा का ध्यान-पूजन किया। शुक्रवार को द्वितीय दिवस की शुरुआत स्नान-पूजन और भजन-संकीर्तन से होगी, जिसके उपरांत श्रद्धालु अगले पड़ाव के लिए प्रस्थान करेंगे। श्रद्धालु इस पांच दिवसीय यात्रा में पैदल ही वन क्षेत्र के उबड़-खाबड़ मार्ग, नदी-नालों को पार करते हुए मां नर्मदा के नाम का जाप करते चलते हैं। परिक्रमा स्थलों पर सीमित सुविधाओं के बावजूद भक्तगण श्रद्धा, भक्ति और अनुशासन के साथ मां नर्मदा की आराधना में लीन रहते हैं।

## जिला स्तरीय युवा उत्सव में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

### राज्य स्तर जाने वाली टीम को एएसपी जगन्नाथ मरकाम देंगे व्यक्तिगत पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



जिला खेल परिसर माइकल क्लब अनूपपुर में मध्यप्रदेश शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन भव्यता के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जगन्नाथ मरकाम की मुख्य उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के खेल विभाग और मध्य प्रदेश शासन तथा जिला प्रशासन अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली, पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान, सीईओ जिला पंचायत अर्चना कुमारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि एएसपी जगन्नाथ मरकाम ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में कहा यह कार्यक्रम युवा प्रतिभाओं को मंच देने वाला है। यदि यहां से कोई टीम राज्य स्तर के लिए चयनित होती है तो मैं उन्हें व्यक्तिगत रूप से पुरस्कार प्रदान करूंगा। विशिष्ट अतिथि नगर निरीक्षक अरविंद जैन ने कार्यक्रम को "रोमांचकारी एवं प्रेरक" बताया। जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से लोक संस्कृति और पारंपरिक कला को संरक्षण और नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में भाषण, विज्ञान मेला, चित्रकला, कविता लेखन, कहानी लेखन, सामूहिक लोकगीत और लोकनृत्य जैसी सात विधाओं की प्रतियोगिताएँ संपन्न हुईं। निर्णायकमंडल में डॉ. पुष्पेंद्र नामदेव, डॉ. दीपक उरमलिया, डॉ. दीपक गुप्ता, राष्ट्रीय कलाकार चंदन लालपुरी, प्रदीप गुप्ता, गिरधारी साहू सहित अनेक निर्णायक उपस्थित रहे।

**यह रहे प्रमुख विजेता** - भाषण प्रतियोगिताः श्वेतांग साहू (प्रथम), आराध्या द्विवेदी (द्वितीय), आभया अग्रवाल (तृतीय)। विज्ञान मेलाः पवन झरिया (प्रथम), प्रतीक पांडे (द्वितीय), कशिश भगत (तृतीय)। चित्रकला/पेंटिंगः वर्षा अहिरवार (प्रथम), आयुषी अग्रवाल (द्वितीय), लक्ष्मी राठौर (तृतीय)।कविता लेखनः कंचन सिंह (प्रथम), सफिया परवीन (द्वितीय), शालिनी सिंह मरावी (तृतीय)।कहानी लेखनः संगीता पाणिका (प्रथम), विकास सोनी (द्वितीय), खुशबू देवी (तृतीय)।सामूहिक लोकगीतः प्रिया माझी एवं साथी (सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जैतहरी) प्रथम। सामूहिक लोकनृत्यः बल भारती पब्लिक स्कूल जैतहरी प्रथम, मॉडल स्कूल अनूपपुर द्वितीय, पॉलिटेक्निक कॉलेज अनूपपुर दृ तृतीय रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन दिनेश कुमार सिंह चंदेल, ग्रामीण युवा समन्वयक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग जैतहरी द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन भी उन्हीं के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में निर्णायकों, प्रतिभागियों, एवं अतिथियों के योगदान से आयोजन प्रभावी और अनुकरणीय बना।

## जागरूकता एवं शपथ ग्रहण का आयोजन संपन्न



हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत तंबाकू मुक्त यूथ कैंपेन 3.0 के तहत जिले में 9 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। इसी अनुक्रम में आज शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अनूपपुर में विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई एवं तंबाकू मुक्त जीवनशैली अपनाने हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि तंबाकू का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को हानि पहुँचाता है, बल्कि समाज एवं परिवार पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। विद्यार्थियों को तंबाकू सेवन से दूर रहने और अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आव्हान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य, प्रशिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशा मुक्त भारत की भावना को प्रोत्साहित करना और उन्हें स्वस्थ, सुरक्षित भविष्य की ओर अग्रसर करना है।